राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

07 जनवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 39

सौर मंडल में टिम टिम

आज की कविता

आसमान में कितने सारे तारे हैं, तरह तरह के पक्षी हैं । बगिया में कितने सारे रंग बिरंगे फूल हैं । हम भी कितने सारे अलग-अलग धर्म, जाति, रीति-रिवाज और मान्यताओं वाले लोग हैं। लेकिन हम सब एक सूत्र में बंधे हैं, हम सब मिलकर भारत बनाते हैं। सुनते हैं ये मजेदार, लयदार, संगीतमय कविता । सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Doordarshan

रंग बिरंगा खजाना

आज की कहानी

बच्चों के बीच एक रोज दीदी आयीं और रंग बिरंगा खजाना लायीं। बच्चे उसमें से शेर-भालू, मोर-कोयल और दुनिया भर की मजेदार कहानियाँ सुनते और खुद से भी पढ़ते। लेकिन कुछ दिन दीदी नहीं आयीं । बच्चे इंतजार करते रहे फिर वे दीदी को ढूँढने निकले। क्या वे दीदी का घर ढूंढ पाए? क्या उन्हें कहानियाँ फिर सुनने को मिलीं? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

अन्ना का नया कोट

आज की किताब

सर्दियाँ आने वाली थीं पर अन्ना के पास गरम कोट नहीं था। माँ के पास पैसे नहीं थे कि बाजार से नया कोट खरीद पाती। हाँ उसके पास सोने की एक घड़ी और कुछ कीमती सामान था। उन्होंने भेड़ों के मालिक से ऊन की बात की, कताई वाली से ऊन बनाने की बात की, और रंगाई का इंतजाम किया। क्या अन्ना को सर्दियों में नया कोट मिला ? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

सोलर वाटर

आज की गतिविधि

कितना मजा आएगा अगर आप बिना आग जलाए और बिना बिजली खर्च किये पानी को गरम कर लें। पर ये संभव है। बहुत ही मामूली चीजों की मदद से आप एक सोलर वाटर हीटर बना सकते हैं। फ़्रेम के कुछ टुकड़े, एक लेंस और एक अलुमिनियम फॉइल का कटोरा । बस आपको एक स्ट्रक्चर तैयार करना है। पूरी विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

विज्ञान शिक्षण और ज्ञान निर्माण

टीचर्स कॉर्नर

विज्ञान अक्सर हमारे सामने तथ्यों के रूप में आता है। हमने भी ऐसे ही पढ़ा और सीखा और अब बच्चों को भी इसी तरह पढ़ा सिखा रहे हैं। वैज्ञानिक निष्पत्तियाँ खोजों, तार्किक व्याख्याओं और विश्लेषण के बाद निकले निष्कर्षों का नतीजा है। बच्चों को भी हमे इसके मौके देना चाहिए, यह कहना है अंबिका नाग जी का। उनका आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



शिक्षकों के लिए। Sandarbh

उलझते सवालों को सुलझाता

हमारा पुस्तकालय

विद्यालय में आने वाले दूरदराज के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित विद्यार्थी के विकास में अपने घर के माहौल से अंतर संबंधित करने वाली सामग्री पुस्तकालय में मिलती हैं? किताबों से जुड़ाव, स्थानीय भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण एवं उसके उत्थान में पुस्तकालय की गतिविधियों को रेखांकित करता यह आलेख पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 141वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।